एन एम डी सी स्टील

NMDC STEEL

PRESS RELEASE **03/2024**

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का लक्ष्य: वर्तमान Q2 में वित्तीय स्थिरता

प्रथम वार्षिक योजना बैठक नागनर स्टील प्लांट में संपन्न

नगरनार। 25 मई 2024 : वर्तमान वित्तीय वर्ष में कंपनी की स्थिति को मजबूत करने की रणनीति बनाने के लिए एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) की पहली वार्षिक योजना बैठक 23 मई 2024 को नगरनार स्टील प्लांट में आयोजित की गई।

एनएसएल के कार्यवाहक सीएमडी श्री अमिताव मुखर्जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में श्री विनय कुमार, निदेशक, तकनीकी, श्री बी विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी, , श्री के प्रवीण कुमार, कार्यकारी निदेशक और प्रमुख नगरनार स्टील प्लांट के साथ श्री ए.के. पाढ़ी, कार्यकारी निदेशक, वाणिज्यिक, एनएमडीसी भी उपस्थित थे।

देर रात तक चली बैठक में सभी विभागों ने वर्तमान वित्तय वर्ष के लिए अपने-अपने विभाग की गतिविधियों और योजनाओं का ख़ाका पेश किया। बोर्ड के सदस्यों ने उचित दिशा निर्देश दिए और कंपनी की समग्र नीति के अनुरूप उनके व्यावसायिक दृष्टिकोण को बेहतर ढंग से ढाला। साथ साथ बोर्ड के सदस्यों ने नगरनार स्टील प्लांट को निरंतर समर्थन का आश्वासन भी दिया।

श्री मुखर्जी ने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 'ब्रेक इवन', याने न नफा न नुक़सान, की स्थिति में पहुंचने के लिए हमें अपनी सभी गतिविधियों को संरेखित करना है ताके हम जल्द ही मुनाफ़े की तरफ अपनी नज़र जमाएं। श्री मुख़र्जी ने विश्वास जताया कि "जिस टीम ने बार-बार शानदार और उम्मीदों से बढ़कर उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन किया हो, वही यह उपलब्धि भी हासिल कर सकती है।"

उन्होंने कहा कि चूँकि नगरनार स्टील प्लांट के एचआर कॉइल को देश भर के उपभोक्ता क्षेत्रों द्वारा बहुत अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है, इसलिए अब यह

PRESS RELEASE **03/2024**

हमारी ज़िम्मेदारी है की हम बेहतरीन क्वालिटी एचआर कॉइल का उत्पादन कर समय पर उसकी डिलीवरी भी सुनिश्चित करें। जहाँ उन्होंने एक तरफ ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने की चुनौतियों पर जोर दिया वहीँ उन्होनें सुरक्षा मानकों के पालन के महत्व को भी रेखांकित किया।

निदेशक तकनीकी श्री विनय कुमार ने निर्धारित समय सीमा के अनुसार सभी कार्यों को संपन्न करने के महत्व पर जोर दिया और यह विश्वास भी जताया के नगरनार स्टील प्लांट की टीम हमेशा की तरह अपना लक्ष्य प्राप्त करेगी। अपने सम्बोधन में श्री बी विश्वनाथ ने छोटे-मोटे मुद्दों से ऊपर उठकर एक टीम के रूप में काम करने की सार्थकता पर जोर दिया।

श्री के प्रवीण कुमार ने गणमान्य अतिथियों के मार्गदर्शन के लिए उनका आभार माना और उन्हें आश्वासन दिया के स्टील प्लांट की टीम बस्तर का नाम ऊँचा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

मीडिया संपर्क:

रफीक़ अाहमद जिनाबड़े,
महाप्रबंधक एवं संचार प्रमुख,
नगरनार स्टील प्लांट, नगरनार - ४९४००१
दूरभाष: 8500489623 ई- मेल: rafiqueahmed@nmdc.co.in